प्रेस नोट- जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 26.01.2025

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 04 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 26.01.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना खतौली श्री बृजेश कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा 04 शातिर चोर अभियुक्तगण 1- दुष्यन्तपाल पुत्र मोहर सिहं निवासी सकौती बाईपास थाना दौराला जिला मेरठ हाल पता सरकारी पशु अस्पताल सकौती थाना दौराला जिला मेरठ 2. रवि पुत्र जगमाल निवासी ग्राम चांदसमद थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर 3. कैशव सैन पुत्र हजारीलाल सैन निवासी ग्राम समाया थाना बितरवार जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश हाल निवासी 149 गुप्तापुरा पम्प हाउस के पास डाबरा थाना डाबरा जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश 4. अंकित शर्मा पुत्र मूलचन्द शर्मा निवासी फरीदपुर थाना सरधना जिला मेरठ को सफेदा रोड ओवरब्रिज के पास कस्बा खतौली से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगणों के कब्जे से मोबाइल टावरों से चोरी किए गए उपकरण 04 आरआर, 02 आरआर यू, 04 मॉड्यूल, 02 रेक्टीफायर, 05 मोबाइल फोन, एक स्कूटी, 01 मोटरसाईकिल तथा 02 तमंचे 315 बोर मय 02 अदद कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा 01 वांछित गैंगस्टर अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 26.01.2025 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री चरन सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 179/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त वसीम पुत्र शकील निवासी कोड़ी वाली गली मौहल्ला किदवई नगर थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को एनएच 58 पर सठेड़ी कट से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 26.01.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री विनीत मलिक मय हमराहीगण द्वारा शातिर अभियुक्त चुन्नु उर्फ सागर पुत्र स्व0 अनील निवासी आनन्दपुरी थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को दौराने चैकिंग शामली रोड पर काली नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 24 पव्वे अवैध देसी शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 29/25 धारा 60(1) आबकारी अधीनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 26.01.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजय कुमार त्यागी मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त बबलू पुत्र अच्छी उर्फ शाहिद निवासी ग्राम इकड़ी थाना सरधना, मेरठ को ग्राम मन्थेड़ा रजवाही की पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुकत के कब्जे से 01 किलो 64 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (चरस) बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 23/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।